डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय (म.प्र.)
DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA (M.P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A Central University)

क्रमांक / आर / 2022 / 7 / 1107

26 मार्च 2022

## // अधिसूचना //

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में पठन–पाठन के अलावा ऐसी कोई भी गतिविधियाँ न करें एवं न ही ऐसी गतिविधियों में भाग लें, जिसके कारण विश्वविद्यालय में अनावश्यक साम्प्रदायिक तनाव का वातावरण निर्मित हो एवं पठन–पाठन का कार्य प्रभावित हो।

समस्त छात्र–छात्रायें जिस पाठ्यक्रम के लिये उन्होंने प्रवेश लिया है, उससे संबंधित पाठ्य पुस्तकें अपने संबंधित विभागों में पढ़े तथा अन्य ज्ञानार्जन के लिये विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का उपयोग करें।

यदि कोई छात्र–छात्रा अपने धर्म से संबंधित अनुष्ठान आदि करना चाहता है तो वह अपने गृह, वास स्थान एवं धर्म स्थल में ही करे, जिससे विश्वविद्यालय में शांति, सद्भाव, सौहार्द्र एवं अकादमिक वातावरण बना रहे। इसके विपरीत यदि कोई भी छात्र–छात्रा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंधन करता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं से आग्रह है कि आप देश का भविष्य हैं। अतः अपने अध्ययन एवं कैरियर पर ध्यान केन्द्रित कर, सफलता के सोपान गढ़े एवं विश्वविद्यालय का नाम देश–विदेश में रोशन करें।

आदेशानुसार,

26/3/2022
कुलसचिव (प्र.)

प्रतिलिपिः–

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्रायें
2. समस्त निदेशक गण, अधिष्ठाता (प्रशा. / स्कूल)
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
4. समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्रभारी
5. प्रतिहस्तक
6. चीफ कांउसिल ऑफ वार्डन्स / चीफ वार्डन्स / वार्डन्स
7. प्रोफेसर इंचार्ज, पुस्तकालय
8. प्रभारी परीक्षा नियंत्रक
9. प्रभारी सुरक्षा अधिकारी
10. प्रभारी मीडिया अधिकारी
11. समस्त अधिकारी
12. कुलपति के सचिव – माननीय कुलपति महोदया के सूचनार्थ
13. कुलसचिव के निज सहायक
14. संबंधित नस्ती